Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 02-05-2023 अंक 556

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## चौक बदहाल : बरही चौक पर लगातार लग रहा जाम, ट्रैफिक व्यवस्था की व्यवस्था नहीं, प्रशासन एवं विधायक के खिलाफ आक्रोश

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक पर पिछले कई महीनों से जाम लग रहा है। और इस बात की सूचना बरही विधायक उमाशंकर अकेला एवं स्थानीय प्रशासन को भी है। लेकिन विधायक और स्थानीय प्रशासन मूकबधिर बनी हुई है। हालांकि बरही चौक को झारखंड का सबसे बड़ा चौक का तमगा प्राप्त है। लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति काफी खराब हो गई है। तीन – तीन नेशनल हाईवे का संगम स्थल बरही चौक बदहाल है। प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का आगमन होता है पर ट्रैफिक जाम के मामले में बरही चौक की गिनती भीड़भाड़ चौक के रूप में होने लगी है। वर्तमान में इसकी स्थिति भयावह हो गई है जो एक बार बरही चौक तथा चारो रोड में लगने वाली ट्रैफिक जाम में फंस जाता है, वह दोबारा इस रूट पर आने से बचता है। देर तक लोग जाम में फंसे रहते है, ऑफिस जाने वाले व्यक्ति समय पर ऑफिस नही पहुंच पाते है। इलाज कराने वाले, आवश्यक कार्य से निकलने वाले जाम में हो फंसे रह जाते है। वापस लौटते है तो फिर जाम से जूझते है, वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की बरही विधायक एवं स्थानीय प्रशासन को बरही में ट्रैफिक व्यवस्था बहाल कराने के लिए कई बार कहा गया है लेकिन अभी तक सिर्फ मूकबधिर बनी हुई है।

**अतिक्रमण से फोरलेन से टू – लाइन में हुआ तब्दील**

धनबाद रोड बरही का मुख्य बाजार है। वहीं धनबाद रोड में बना फोर लाइन सड़क टू लाइन में तब्दील हो गया है। सड़क पर ही सब्जी बाजार, ठेला सहित अन्य फुटपाथ दुकान लगा दिया जाता है। जिसके कारण बाजार के दिन धनबाद रोड से आने वाली वाहन को घंटो जाम में फंसा रहना पड़ता है। जिससे बरही चौक पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह स्थिति प्रत्येक दिन की है, जाम के कारण दो – दो किलोमीटर तक लंबी कतार लग जाती है। कई बार एंबुलेंस को भी इस भीषण जाम में फंसना पड़ता है। प्रत्येक दिन स्थानीय अधिकारी भी इस गंभीर समस्या से जूझते है उसके बावजूद भी इस समस्या पर सकारात्मक पहल नही किया जा रहा है।

## जल संकट से बचाव के लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन जरूरी : महेंद्र मोदी

### आरएनआईएम कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर कार्यशाला का अयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कार्यशाला में मौजूद कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाए एवं विद्याथह्र

रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज की वाणिज्य विभाग एवं एनएसएस की संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार में जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जल गुरु की उपाधि प्राप्त सेवानिवृत आईपीएस महेंद्र मोदी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, सचिव परमेश्वर गोप, एनएसएस के कार्यकारी पदाधिकारी डॉ अरुणा कुमारी, परीक्षा नियंत्रक सह उप प्राचार्य डॉ संजय वर्णवाल एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रो डॉ बीडी मोदी ने संयुक्त रूप से किया। सभी अतिथियों को व्यवस्थापक प्रो डॉ ब्रह्मदेव मोदी ने बुके के साथ स्वागत किया। बतौर प्रशिक्षक सह मुख्य वक्ता जल गुरु महेंद्र मोदी ने जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय में अपना देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की खतरा बढ़ गया है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव जल संकट के तौर पर देखने को मिल सकता है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नही दिया गया तो पूरा विश्व को गंभीर पेयजल संकट से जूझना होगा। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्धन के मामले में खुद रिसर्च किया हुआ म०डल की विस्तृत जानकारी दी। बताया की यदि हम वर्षा जल को सही तरीके से संरक्षित करते हैं तो हम घटता जल स्तर को ऊपर बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया की छत पर सौर ऊर्जा से संचालित वर्षा की पानी को संरक्षित कर सालो भर प्रयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने तालाब मॉडल, ट्रेंच मॉडल सहित खुद का इजाद किया हुआ छह प्रकार का जल संरक्षण एवं संवर्धन मॉडल की जानकारी दी। महेंद्र मोदी ने कहा की जल संरक्षण एवं संवर्धन में काम करने वाली संस्था जिसमे 52 देश शामिल हैं। उस संस्था का बतौर एडवाइजर पूरे विश्व में जल संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी साझा करते रहा हूं। हजारीबाग और कोडरमा को गोद लेकर जल संरक्षण पर काम करना शुरू किया है। जल्द ही इसका सक. ारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को जल के महत्व को समझना होगा। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एनएसएस के कार्यकारी अधिकारी डॉ अरुणा रानी ने कहा की इस तरह के कार्यशाला से जल संरक्षण के मामले में जागरूकता आएगी। कार्यशाला के बाद सभी ने श्रमदान कर जल संरक्षण के लिए ट्रेंच की खुदाई की। कार्यशाला में डॉ संजय वर्णवाल, व्यवस्थापक डॉ बीडी मोदी, प्रो हिरामन साहू, प्रो बद्री साव, , डॉ संगीता चौधरी, प्रो डॉ अंजली कुमारी, डॉ अजय प्रताप सिंह, प्रो बसु, प्रो अजय रंजन, डॉ संजय बक्शी, डॉ अशोक कुमार, प्रो अब्बास, प्रो नैयर इकबाल, प्रो तमन्ना प्रवीण, डॉ कुमारी सुषमा, प्रो सीमा सिन्हा, प्रो सरिता सिन्हा, दिनेश्वर यादव, दिनेश यादव, नागेश्वर यादव, हरेंद्र सिंह, राज किशोर कुमार, गामा कपरदार सहित एनसीसी कैडेट्स, कॉलेज के लगभग 200 छात्र छात्राओं ने ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल



**अपेम लाइव : बरही**

बरसोत से बरही आने के दौरान डीवीसी के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार बरसोत निवासी राजू प्रसाद पिता महादेव महतो घायल हो गए। उन्हे तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज किया जा रहा है।

### शराब पीकर पत्नी एवं बच्ची के साथ की मारपीट, आरोपी को जेल

**अपेम लाइव : बरही**

लाठिया निवासी मनोज यादव पिता गंगाधर यादव ने अपने ही पत्नी एवं बच्ची के साथ बेरहमी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। महिला के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए नामजद आरोपी मनोज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर मजदूर दिवस के मौके पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पारा लीगल वोलेंटियर नीरज कुमार, इंद्रनाथ प्रसाद व आजाद अहमद ने महुआंडाड़ बाजार में लोगों को जागरुक किया। मजदूरों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रम ही राष्ट्र की पूंजी है।समाज व राष्ट्र के निर्माण में श्रमिको का अहम योगदान है।श्रमिकों को अपने कानूनी हक व अधिकारों की जानकारी होनी चाहिये।उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क सेवा की जानकारी दी।इसके साथ ही मजदूरों को श्रम कानूनों की भी जानकारी दी गयी।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

24 घंटे सेवा HOTEL आकाश पैलेस 9122662308 6299699176
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL सागर टेन्ट हाउस

दिनांक: 02-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर



# स्थानीय हक अधिकारों को समर्पित जनसंवाद यात्रा की शुरुआत

## राजनीतिक चेतना और स्थानीयता का भाव जगाने गाँव – गाँव जाएंगे : संजय मेहता

## टॉल प्लाजा के कर्मचारियों ने जनसंवाद यात्रा में रखी अपनी माँगे, बरही चौक पर हुआ नुक्कड़ सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

1 मई मजदूर दिवस के दिन बरही चौक से जनसंवाद यात्रा की शुरुआत की गयी। यह जनसंवाद यात्रा स्थानीय हक अधिकारों और झारखंडी भावनाओं को समर्पित है।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप के खिलाफ आवाज बुलंद करना है।

इस यात्रा के माध्यम से 600 नुक्कड़ सभा का आयोजन अगले तीन माह में आयोजित किया जाएगा। साथ ही 400 छोटे – छोटे पॉकेट मीटिंग किए जाएंगे।

यह यात्रा हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा जिले तक जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से यह भाव जगाया जाएगा कि झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में झारखंड के बाहर से लोग आकर राजनीतिक प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इस चालाकी को समझना होगा। जिससे झारखंड के लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व का हक छिना जा रहा है। यात्रा के माध्यम से उत्तरी छोटानागपुर के चतरा और हजारीबाग लोकसभा, बरही विधानसभा समेत झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों एवं 81 विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय प्रत्याशियों की मांग तेज की जाएगी।




### टॉल प्लाजा के कर्मचारियों ने रखी माँगे

रसोइया धमना टोल प्लाजा कर्मचारी संघ ने जनसंवाद यात्रा में अपनी माँगों को रखा। संघ के अध्यक्ष रामचंद्र साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे साथ भेदभाव किया जा रहा है। हमारी माँगों पर विचार नहीं किया जा रहा है। समान कार्य के लिए समान वेतन नहीं दिया जा रहा है।

वेतन वृद्धि, वेतन पर्ची, दुर्घटना बीमा, बोनस, छुट्टी, रात्रि ड्यूटी भत्ता, भविष्य निधि निःशुल्क मेस एवं आवास आदि की माँग करते – करते हम कर्मचारी सब थक चुके हैं लेकिन हमारी माँगे पूरी नहीं हो रही है। माँग करने पर हमेशा केस मुकदमे का डर दिखाया जाता है। रामचंद्र साव ने कहा कि हमारी माँगे यदि पूरी नहीं हुई तो हम सभी कर्मचारी धरना देंगे और अपनी मांग को तेज करेंगे। जनसंवाद यात्रा को कर्मचारियों ने अपना सहयोग और साथ दिया।

### माटी का नेतृत्व जरूरी

यात्रा को संबोधित करते हुए भुवनेश्वर यादव ने कहा कि माटी के लोग जब नेतृत्व करते हैं तो उनमें एक भावनात्मक लगाव होता है। इसका प्रभाव उनके कार्यशैली में दिखाई पड़ता है। आज बरही विधानसभा की माटी एक स्थानीय नेतृत्व की माँग कर रहा है। हम इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे कि माटी के लोगों को नेतृत्व का हक मिलना चाहिए। राजनीति के केंद्र में हम स्थानीय हक अधिकारों की आवाज को तेज करना चाहते हैं। जनता के बीच हम जागरूकता लेकर जाना चाहते हैं। इस यात्रा में हमें लोगों का अपार साथ मिल रहा है।

### स्थानीयता का भाव जगाना है उद्देश्य

यात्रा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि पूरे झारखंड को दो दशकों के दौर में छला गया है। जब – जब यहाँ स्थानीय हक अधिकारों की आवाज तेज होती है बाहरी तत्व इन आवाज को दबा देते हैं। झारखंड के 14 लो. कसभा और 81 विधानसभा क्षेत्रों में कई सीटों पर वैसे लोगों कब्जा जमा लिया है जिनका इस माटी से लगाव नहीं है।

यही कारण है की आज झारखंड में स्थानीय और नियोजन नीति के सवाल पर वैसे लोग चुप हैं जो इस माटी के नहीं है।

इसलिए झारखंड के कई इलाकों में यह विषय मुद्दा नहीं बन पाया। झारखंड के हजारीबाग, चतरा में भी ये मुद्दे चर्चा के केंद्र में नहीं आ पाए।

### बेहतर नियोजन नीति के आभाव में युवाओं का भविष्य अधर में

इस राज्य के भीतर जब भी बेहतर नियोजन नीति का सवाल आता है। झारखंडी हितों की प्राथमिकता के आधार पर नियोजन नीति का सवाल आता है तो बाहरी तत्व सक्रिय होकर झारखंडी लोगों के हक अधिकारों का अतिक्रमण करते हैं। यह अतिक्रमण नौकरी, जमीन, प्रतिनिधित्व, राजनीति हर जगह हो रहा है। हमारी माँग है कि झारखंड की तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित होनी चाहिए।

इसलिए इस आवाज को एक बल देना होगा और जनता के बीच जाकर स्थानीय नेतृत्व कौशल के उभार को लेकर जागरूकता बुलंद करनी होगी। तभी इन समस्याओं का स्थायी समाधान निकलेगा।

यात्रा कार्यक्रम का संचालन करते हुए मजदूर दिवस पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए रवि सोनी ने कहा कि जो मजदूर किसान इस दुनिया को चला रहे हैं आज उनके ही हक अधिकार पर खतरा मंडरा रहा है।

10 प्रतिशत लोग 90 प्रतिशत लोगों पर अपना अधिकार जमाए हुए हैं। इसे बदलने के लिए सबको मिलकर संघर्ष करना होगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड की माटी को यहाँ के आधार पर नेतृत्वकर्ता चाहिए इस विषय को लेकर यह यात्रा आगे तक जाएगी।

जनसंवाद यात्रा के इस प्रा. रम्भ कार्यक्रम में धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, वासुदेव यादव, परमेश्वर गोप, परमेश्वर यादव, अशोक यादव, रामचंद्र साहु, पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव, प्रभु राणा, सहदेव प्रसाद यादव, विकास सिंह, आदित्य कुमार, मंगलम कुमार सिंह, सुनील यादव, मोहम्मद मासूम, सतीश कुमार, चंदन रजक, मो. हम्मद शारूफ़, आर्यकांत मेहता, चंद्रदेव ठाकुर, विजय राम, आनंद सागर, तौहीद अंसारी, भागवत कुमार, वीरेंद्र कुमार, कंचन कुमार, अभिषेक कुमार, साकिब हुसैन, मोहम्मद इशाक, राजीव रंजन, पंकज रजक, सूरज कुमार, बबलू कुमार, मनोज दास आदि समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# आग लगने से घर के सारे सामान जलकर राख, पीड़ित ने लगाई मदद की गुहार

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

लातेहार : सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के बनबिरवा गांव में एक घर में आ लग गयी।इस घटना से घर के सभी सामान जलकर राख हो गया।भुक्तभोगी फुलदेव सिंह ने बताया कि घर में खाना बन रहा था। इसी दौरान आग की चिंगारी से रसोई में रखे कपड़े और अन्य सामग्रियों पर पड़ गई जिस कारण घर में आग लग गयी।अगलगी की घटना के बाद घर में अफरा–तफरी मच गयी।शोर सुनकर पड़ोस वाले आये और आग बुझाने का प्रयास



किया।लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक पूरे घर में आग फैल गयी।आस–पास के लोगों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दिया।सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।हालांकि तब तक घर और उसमें रखे सारे सामान जल राख हो चुके थे।फुलदेव सिंह ने कहा कि घर का सारा सामान जल गया है।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 02-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## सलैया में निकाली गई भव्य कलश कलशयात्रा में शामिल हुए विधायक व पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया में सरयू प्रसाद व आयकर विभाग से सेवानिवृत आयुक्त कौशल किशोर पिता स्व.बा. बुलाल महतो के द्वारा अपने पैतृक गांव सलैया में हनुमान मंदिर निर्माण कर श्री श्री 108 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह मानस महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलशयात्रा के मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना वा नारियल फोड़कर एंव फीता काटकर भव्य कलश यात्रा का शुभारम्भ किया । मौके पर विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख अर्जुन प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार चौधरी ,सलैया मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, भाजपा यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष,सुरजदेव प्रसाद, समाजसेवी संतोष कुमार मंडल, जगदीशचंद्र बोस , नारायण महतो,सिताराम प्रसाद, विनोद कुमार, सुरेश प्रसाद, अरुण मंडल, नागेश्वर दास, बुलाकी प्रसाद, सुदामा प्रसाद, अनिरूद्ध प्रसाद, कुमार अमरेंद्र प्रताप, कमल प्रसाद, पुजारी मनोज कुमार पांडेय,रामनरेश पांडेय, रविन्द्र कुमार पांडेय समेत बड़ी संख्या में कलशयात्री एंव महिला पूरुष शामिल थे।

## डिवाइन स्कूल में श्रमिक दिवस मनाया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर मे श्रमिक दिवस मनाया गया। समारोह की दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। छात्र-छात्राओं ने नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह को देखकर कार्यकर्ता अभिभूत हो गए और स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों के इस प्रयास के लिए विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी श्रमिकों को बधाई दी और उनकी निस्वार्थ सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद विद्यालय निदेशक आईपी भारती ने संस्था के सुचारू संचालन लिए कार्यकर्ताओं के योगदान पर प्रकाश डाला। स्कूल के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा की मज़दूरों के श्रमसाध्य प्रयास किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नीव होती है, चाहे तकनीक कितनी भी उन्नत क्यू ना हो, हमे उन्हे संच. ालित करने हेतु मज़दूरों की आवश्यकता है। मौके पर उपस्थित छात्र नेता मनोज यादव ने कहा की भविष्य के नेताओं को श्रमिक वर्ग के महत्व से अवगत कराने की आवश्यकता है। स्कूल के निदेशक आईपी भारती ने श्रमिकों का सम्मान करने के साथ साथ उन्हें उपहार दिए। समारोह के अंत मे सभी कार्यकर्ताओं को इसी प्रकार से आगे भी लगन से काम करने की बात कही। समारोह को सफल बनाने मे प्रीती प्रभा कुमारी, दीक्षा कुमारी, अनिल उपाध्याय, पूनम कुमारी, सौरव सिन्हा और राणा तेजश्वी का अहम योगदान रहा।




## सही समय पर निवेश की जानकारी के लिए वित्तीय शिक्षा जरूरी : भावना कुमार

### एनएसआईएम की ओर से छह दिवसीय वित्तीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



युवाओं को वित्तीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योर्टीज मार्केट की ओर से छह दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय आरएनआईएम कॉलेज बरही में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एन एस आई एम के मुख्य प्रशिक्षक भावना कुमार ,कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, शासी निकाय के सचिव परमेश्वर गोप, डॉ अरुणा रानी, समन्वयक सह सांसद प्रतिनिधि मुकुंद दावा, प्रो डॉ संजय वर्णवाल , हिंदी एचओडी प्रो हीरामन साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समन्वयक मुकुंद साव ने बताया की यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक्सिस बैंक के सीएसआर प्रोग्राम के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योर्टीज मार्केट के के द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के तहत 150 विद्यार्थियों को वित्तीय शिक्षा दिया जायेगा। छह दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में तीन बेच बनाया गया है। एक बेच में 50 विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। एक बेच में शामिल प्रतिभागियों को दो दिनों तक प्रशिक्षण एनआईएमएस के मुख्य प्रशिक्षिका भावना कुमार के द्वारा दी जा रही है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन मुख्य प्रशिक्षिका भावना कुमार ने विद्यार्थियों को निवेश, निवेश के स्तंभ, नियमित आय के स्रोत, जादुई अंक 72, सामान्य एवं चक्रवृद्धि ब्याज की जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय लक्ष्य, मुद्रा स्फीति, जोखिम बाजार, बाजार में वित्तीय निवेश का अवसर, शेयर बाजार में निवेश का तरीका, केवाईसी का प्रोसेस, प्राथमिक बाजार में निवेश,शेयर बाजार एवं प्रतिभूति में कैरियर, नि. वेश के अवसर के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। भावना कुमार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय के हर विद्यार्थी को वित्तीय शिक्षा जरूरी है। ताकि समय पर इन्वेस्ट कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सके। बताया की इस सेक्टर में भी कैरियर की अच्छी संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को शेयर, निवेश की भी जानकारी होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिया कुमारी, ज्योति बर्नवाल, खुशी कुमारी, पूजा कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रियांशु कुमार, गीतिका राज, काजल वर्मा, रिया कुमारी, आकांक्षा कुमारी, प्रिया कुमारी, दिया गुप्ता, समीक्षा वर्मा, नेहा कुमारी, अनीशा कुमारी, तन्नु कुमारी, सपना कुमारी, ललिता कुमारी, अमित कुमार, पिंटू कुमार, सुजीत कुमार, पिंकी कुमारी, रिया कुमारी, सुमन कुमारी, रूबी कुमारी, आरती कुमारी, रानी कुमारी, निशा कुमारी, पूनम कुमारी, सकीना प्रवीण, काजल कुमारी, अंजली कुमारी, प्रियंका कुमारी, रिया कुमारी, रानी कुमारी, छोटू कुमार एवं मो सद्दाम अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरसोत में निकला भव्य कलश यात्रा





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में रमेश चंद्रवंशी उर्फ रामविलास राम ने अपने घर के सामने हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया है। मंदिर में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 101 महिलाओं एवं कन्याओं ने कलश उठाया। 2 मई को सुबह मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे व जयकारे के साथ कलश यात्रा के लिए निकली जो बरसोत गांव होते हुए करियातपुर के उतर वाहिनी बरसोती नदी पहुंची। यज्ञाचार्य पंडित कृष्णा कांत पाण्डेय एवं वीरेंद्र पाण्डेय समेत कई ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच गंगा माता की पूजा अर्चना एवं गंगा आरती के साथ कलश में जल भरवाया। कलश में जल भरने के बाद जीटी रोड होते हुए कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंचा और विधि पूर्वक कलश स्थापित कराया। 2 मई से 8 मई तक चलने वाला सात दिवसीय श्री श्री 108 श्री रामचरित मानस नवाह पारायण सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हो गया। यज्ञकर्ता रमेश चंद्रवंशी ने बताया कि 8 मई तक शाम में कथा वाचक महेश पाण्डेय द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। कलश जल यात्रा में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, चौपारण भाग 2 जिप सदस्य रवि अकेला, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, पंसस बसंती देवी, बरसोत राजघराने के युवराज मनोज कुमार देव, समाज सेवी दिवाकर पाठक, वीरेंद्र सिंह, सुजीत कुमार, उदय पाठक, अरविंद राम. राज, सूरज कुमार सिंह, निवास प्रसाद, अजय कुमार रामराज, सुधीर कुमार, कोलेश्वर चंद्रवंशी, टिंकू केशरी, राजकुमार राम समेत कई महिला पुरुष शामिल थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कुम्हरडीहा में महायज्ञ को लेकर प्रतिमा के साथ किया गया नगर भ्रमण, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : नयांटांड पंचायत के कुम्हरडीहा गांव में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर मूर्तियों का नगर भ्रमण गाजे-बाजे के साथ किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवा ध्वज हर-हर महादेव, बोल बम के जय घोष के साथ किया । वहीं नव युवा क्लब कुम्हरडीहा के द्वारा 30 अप्रैल और 1 मई को सभी कलशधारियों के लिए चना और शरबत का वितरण किया गया और 2 मई को सभी के लिए खीर का प्रसाद का वितरण किया जाएगा । खीर एवं चना वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित में सुमित कुमार, दर्शन मेहता, गौतम, विक्रम, नीतीश, रौशन कुमार, मनीष, जितेंद्र, छोटी, टिंकू, गौतम ठाकुर, विशाल, राजदीप, बदल, मुकेश, आनंद, आशीष, प्रमोद, तुलसी, आशु, रंजीत, सुलेन्द्र समेत कई युवाओं का सराहनीय योगदान है। मौके पर मुख्य रूप से यज्ञ समिति अध्यक्ष प्रभु सिंह, सचिव अरघु महतो, उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष महेश सिंह, उपसचिव राजेंद्र महतो, मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर, महिला अध्यक्ष शिवानी देवी, सचिव सुमित्रा देवी, कोषाध्यक्ष बिनीता देवी, रंजू देवी समेत सैकड़ों सनातन धर्म प्रेमी महिला पुरुष उपस्थित थे।

## लातेहार जिले को शिक्षा के क्षेत्र में मिली सौगात

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को लातेहार को एक नही दो नहीं बल्कि चार उत्कृष्ठ विद्यालय की सौगात दी है।मंगलवार को लातेहार के प्लस टू उच्च विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय में परिवर्तित कर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लातेहार विधायक बैद्धनाथ राम, उपायुक्त भोंर सिंह यादव,जिला परिषद अध्यक्ष पुनम देवी निःवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की सहित कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । ज्ञात को कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऑनलाइन सभी उत्कृष्ट विद्यालयों का रांची से उद्घाटन किया ।इस अवसर पर विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि राज्य सरकार का यह बहुत महत्वकांक्षी योजना है। इस तरह के विद्यालय खुलने से गरीब से गरीब लोगों के लिए यह विद्यालय वरदान साबित होगी।लातेहार जिले में चार विद्यालय का चयन हुआ है । सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना : विधायक स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह बहुत महत्वकांक्षी योजना है। इस तरह के विद्यालय खुलने से गरीब से गरीब बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए यह विद्यालय वरदान साबित होगा। लातेहार में चार विद्यालय का हुआ चयन लातेहार जिले में चार विद्यालय का चयन हुआ है इन विद्यालयों में प्लस टू उच्च विद्यालय लातेहार, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय लातेहार, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लातेहार एवं मॉडल विद्यालय मनिका शामिल है जहां अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिया जाएगा।

## संत जेवियर्स कॉलेज महुआडांड़ में खुला स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : संत जेवियर्स कॉलेज परिसर में सीएससी द्वारा संचालित स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोस ने फीता काटकर किया।सीएससी डिजिटल भारत आभियान का एक हिस्सा है, जिसका संचालन भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के द्वारा किया जा रहा है।क०लेज के प्राचार्य फादर जोस ने क०लेज परिसर में सीएससी केंद्र खुलने पर हर्ष व्यक्त किया एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के खुलने से विद्यार्थियों को सभी प्रकार की डिजिटल सेवाएं जैसे जाति प्रमाण पत्र,आवासीय प्रमाण पत्र, आधार समस्या, ई कल्याण हेतु आवेदन, परीक्षा आवेदन पत्र,एड्मिट कार्ड,फीस पेमेंट इत्यादि सारी सुविधाएं निर्धारित दर मे उपलब्ध होगी। सीएससी के जिला प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि कॉलेज परिसर में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर शुरू करने का मुख्य उद्देश्य महुआडांड़ सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों को बैचलर डिग्री के बाद ऑनलाइन उच्च शिक्षा के लिए प्लेटफार्म प्रदान करना है। यह सेंटर विद्यार्थियों को देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एमिटी यूनिवर्सिटी, आईआईटी मुंबई के ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध करायेगा। जिससे कम खर्च में विद्यार्थी उच्च शिक्षा और रोजगार उन्मुख कोर्स की डिग्री हासिल कर सकेंगे और अपने सपनो को साकार कर पाएंगे। क्योंकि सभी विद्यार्थी महानगरों में जाकर पढ़ाई करने में सक्षम नहीं होते हैं। जिला एजुकेशन कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह ने कहा की कॉलेज परिसर में खुले इस केंद्र से विद्यार्थियों को ग्लोबल सर्टिफिकेशन कोर्स एवं रोजगार उन्मुख शॉर्ट टर्म कोर्स , वोकेशनल कोर्स, टैली, ऑटोकेड, फोटोशॉप, माइक्रोसॉफ्ट, प्रतियोगित परीक्षाओं की तैयारी से संबंधी सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ समीर टोप्पो, सिस्टर कैसलिन जुलियट, समाज सेवी तनवीर अहमद, प्रो. जफर इकबाल, अमृत मिंज, सेफाली प्रकाश, नेहा मिंज, रश्मी सुमन, सुरभी सिंहा और सभी विद्यार्थी उपास्थित थे।

## लातेहार जिले को शिक्षा के क्षेत्र में मिली सौगात


**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को लातेहार को एक नही दो नहीं बल्कि चार उत्कृष्ट विद्यालय की सौगात दी है।मंगलवार को लातेहार के प्लस टू उच्च विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय में परिवर्तित कर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लाते. हार विधायक बैद्धनाथ राम, उपायुक्त भोंर सिंह यादव,जिला परिषद अध्यक्ष पुनम देवी निःवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की सहित कई जनप्रति. निधि और पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्व. लित कर किया ।ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित टीवीएस विद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सूबे के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का अ०नलाईन उद्घाटन किया। जिसमें लातेहार जिले के 04 विद्यालय 1.राजकीय +2 उच्च विद्यालय, लातेहार 2. राजकीय +2 बलिका उच्च विद्यालय, लातेहार 3. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लातेहार 4. म०डल स्कूल, मनिका शामिल हैं। इन विद्यालयों का संचालन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अंग्रेजी माध्यम से किया जाएगा। इन स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड, प्रैक्टिकल क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, साइंस लैब, पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं उपल. ब्ध कराई गई है। सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना रू विधायक स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह बहुत महत्वकांक्षी योजना है। इस तरह के विद्यालय खुलने से गरीब से गरीब बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए यह विद्यालय वरदान साबित होगा। लातेहार में चार विद्यालय का हुआ चयन लातेहार जिले में चार विद्यालय का चयन हुआ है इन विद्यालयों में प्लस टू उच्च विद्यालय लातेहार, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय लातेहार, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लातेहार एवं म०डल विद्यालय मनिका शामिल है जहां अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिया जाएगा।









डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी /चतरा : झारखंड राज्य जन सेवक संघ रांची झारखंड के आह्वान पर राज्य भर के जन सेवकों के द्वारा आज काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया गया। इसी क्रम में चतरा जिला के 12 प्रखंड में कार्यरत सभी जनसेवक, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। झारखंड राज्य जनसेवक संघ के शाखा- चतरा के अध्यक्ष नवीन तिर्की ने बताया कि 2012 में झारखंड सरकार के तत्कालीन कृषि एवं गन्ना विकास विभाग जो अब कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग है के द्वारा कृषि क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए राज्य भर में 1836 पदों के लिए जनसेवकों की नियुक्ति हुई। चतरा जिला में 87 जनसेवकों की नियुक्ति हुई थी, वर्तमान में 57 जन सेवक जिले में कार्यरत हैं। राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या 1411 दिनांक 25 मई 2011 के द्वारा जन सेवक भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2011 को अधिसूचित करते हुए संपूर्ण झारखंड में वर्णित प्रावधानों के आलोक में विज्ञापन में स्पष्ट रूप से वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2400 के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे । नियुक्ति के 10 वर्षों के उपरांत जब ड।ब्ब देने की बारी आई तब कृषि निदेशक द्वारा 2400 ग्रेड पे को घटाते हुए 2000ग्रेड पे करने का आदेश निर्गत किया गया है जो सरासर गलत है। इसके विरोध में झारखंड राज्य के जनसेवकों में काफी उबाल है। चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में राज्य स्तर पर 28 अप्रैल को कृषि निदेशालय कृषि भवन रांची के समक्ष राज्य भर के हजारों जनसेवकों ने सामूहिक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कृषि मंत्री का पुतला दहन किया। झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है दिनांक 2 एवं 3 मई को काला बिल्ला लगाते हुए काम करना, 4 मई को जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, 6 मई को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यदि सरकार तत्काल अपना आदेश वापस नहीं लेता है तो 9 मई से जिला समेत पूरे राज्य के 1600 जनसेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे इसकी संपूर्ण जवाबदेही कृषि विभाग व राज्य सरकार की होगी। एक -एक जनसेवक प्रखंड स्तर पर कई पर्यवेक्षक स्तर के पदों पर काम कर रहे हैं अर्थात पंचायत सचिव प्रखंड कल्याण, प्रखंड आपूर्ति, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी,प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर जनसेवक विगत 10 सालों से काम कर रहे हैं और सरकार के खजाने का करोड़ों अरबों रुपए बचा रहे है। जनसेवकों का ग्रेड पे 4200 बढ़ाने के बजाय ग्रेड कटौती करना कहां तक उचित है । जनसेवक एक वेतन के बदले अनेकों काम कर रहे हैं।सरकार अगर अपना तुगलकी फरमान को जल्द वापस नहीं लेती है तो जनसेवक आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

## समिति के निर्णय के बिना सभापति द्वारा प्राचार्य की नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन पर कोर्ट सख्त

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : कार्यकारिणी समिति नेतरहाट विद्यालय समिति के सभापति डॉ सन्तोष उराँव द्वारा नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य पद पर नियुक्ति हेतु बिना आम सहमति के विज्ञापन संख्या-01/2023 का प्रकाशन कर दिया था। प्रकाशित विज्ञापन नियमविरुद्ध होने के कारण विद्यालय के प्राचार्य सह समिति के सदस्य सचिव डॉ सन्तोष कुमार सिंह ने उच्च न्यायालय,झारखंड में रिट याचिका दायर किया था। दायर याचिका के सम्बंध मे 2 मई को न्यायाधीश एस.एन.पाठक के कोर्ट मे सुनावई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से पूर्व महाधिवक्ता सह वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने कोर्ट को बताया कि दिनाँक-27/03/2023 को सभापति द्वारा वाट्सअप के माध्यम से सूचना देकर एक बैठक बुलाई थी, बैठक में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि वर्तमान प्राचार्य के कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद उनके सेवा अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जाएगा,परंतु बैठक में लिए गए निर्णय के विरुद्ध सभापति द्वारा प्राचार्य के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया गया। जिसका लिखित वि. रोध कार्यकारिणी समिति के दो सदस्यों द्वारा किया गया। वरीय अधिवक्ता द्वारा यह भी बताया गया है कि विद्यालय के दैनानुदिन कार्यों/क्रियाकलापों मे समिति के सभापति को हस्तक्षेप करने का अधिकार प्राप्त नहीं है, जबकि प्रायः ऐसा होते रहता है। दलील सुनने के बाद नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी समिति तथा कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष को नो. टिस निर्गत किया गया,साथ ही कोर्ट का यह भी आदेश हुआ कि प्रकाशित विज्ञापन के विरुद्ध प्राचार्य के पद पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति न्यायालय के आदेश से आच्छादित होगा।इसकी जानकारी प्राचार्य सह समिति के सदस्य सचिव डॉ सन्तोष कुमार सिंह ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।




## विष्णुगढ़ में स्वच्छता पखवारा के प्रखंडस्तरीय अभियान की हुई शुरुआत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को स्वच्छता पखवारा को लेकर प्रखंडस्तरीय अभियान की शुरुआत की गई। बीडीओ संजय कुमार कोंगारी की अध्यक्षता में अभियान को लेकर प्रखंडस्तरीय पेयजल एवं स्वच्छता, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मियों एवं पदाधिकारियों तथा स्थानीय स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि, पंचायती राज प्रतिनिधि, जलसहिया के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीडीओ ने अभियान के उद्देश्यों, विभिन्न विभागों की सहभागिता, सहयोग एवं जिम्मेदारियों पर चर्चा की। जिसमें ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग, जल गुणवत्ता परीक्षण आदि मुद्दों पर कई जानकारियां दी गई। कार्यशाला में प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक समेत कई प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले मजदूर दिवस मनाई गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड के चमगड़ा में मार्कस्वादी समन्वय समिति (मासस) व बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के सयुंक्त तत्त्वधान में मजदूर दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद हसन एवं संचालन विशेश्वर ठाकुर ने किया। सर्व प्रथम शहीद बेदी की तस्वीर पुष्पांजलि अर्पित कर एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ कामरेड मो हसन के द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। मौके पर मासस एवं बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रिय सचिव धनेश्वर तुरी ने कहा कि 1886 मे अमेरिका के मजदूरों के संघर्ष और शहादत के कारण दुनिया के मजदूरों को आठ घंटा कार्य अवधी का स्वीकृति मिली। मजदूरों के हक़ और अधिकार के लिए कानून बनाया गया। लेकिन आज देश में 44 लेबर कानून को समाप्त करके चार कोड बना दिया गया है। यह चार कोड मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज है, काम के घंटा बढ़ाया जा रहा है, कल्याणकारी योजनाएं ध्वस्त हो रहा है। गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, विस्थापन बढ़ रहा है। दूसरे तरफ दो-नंबरी लोग गुलछरे उड़ा रहा है और आम आवाम बेहाल है। इसलिए मजदूर दिवस की प्रांसगिकता पहले की अपेक्षा बढ़ रहा है। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्षता मो. हसन, विशेश्वर ठाकुर, शहीद अंसारी, प्रमोद रजक, प्रदीप कुमार, महेंद्र तुरी, धर्मेंद्र तुरी, कुंवर लाल, अशोक उराव, आरजू खान, अब्दुल मनान, अख्तर हुसैन, धनंजय सिंह, रोहित पटेल, दिनेश पासी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

